# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही है राज्य सरकार।
- भाजपा ने 18 दिसम्बर को धर्मशाला में राज्य सरकार के खिलाफ होने वाली जनआक्रोश रैली को लेकर बनाई रणनीति।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार की गैस्ट टीचर पॉलिसी को बताया युवाओं के साथ खिलवाड़– कहा–युवाओं को नौकरियां देने की गारंटी भूली सरकार।
- राज्य के अनेक क्षेत्रों में शून्य से नीचे पहुंचा न्यूनतम तापमान– 19 दिसम्बर तक वर्षा के आसार नहीं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पिछले 2 वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही है और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर इस दौरान 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए की बचत की गई है। सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोहारघाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को विशेष रूप से सुदृढ़ किया गया है और खाली पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोहारघाट में उपतहसील खोलने का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों में राज्य सरकार ने लगभग 31 हज़ार लोगों को नौकरियां दी हैं।

बाद में मुख्यमंत्री ने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें मितियां, बेहली और खल्लर सहित आसपास के इलाकों के लिए लगभग साढ़े 7 करोड़ रूपए से बनी पेयजल योजना और नालागढ़ के लिए 5 करोड़ 22 लाख रूपए से निर्मित 7 ट्यूबवैल का लोकार्पण भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल भी इस मौके मौजूद रहे।

## विधानसभा–भाजपा

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसम्बर तक धर्मशाला में होगा। ये सत्र हंगामेदार होने की उम्मीद है क्योंकि विपक्षी दल भाजपा ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा ने 18 दिसम्बर को ही धर्मशाला में राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली को लेकर विधायक सुधीर शर्मा के निवास पर आज धर्मशाला में वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। परमार ने बताया कि ज़ोरावर स्टेडियम में होने वाली जन आक्रोश रैली में प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता भाग लेंगे और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

लोकसभा–विधयेक

केन्द्र सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संविधान विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा को लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को स्वीकृति दी थी। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नशे की रोकथाम के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देना ज़रूरी है। विधानसभा अध्यक्ष ने आज कांगड़ा ज़िले में नूरपुर क्षेत्र के गतला में वर्ष 2018 के बस हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की स्मृति में एक स्मारक का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल बस हादसे में 23 बच्चों की जान चली गई थी और क्षेत्र के लोगों ने इन बच्चों की स्मृति में कुछ रचनात्मक कार्य शुरू किए हैं। कुलदीप पठानिया ने बताया कि इन बच्चों की याद में 21 फुट ऊंची मीनार बनाई जाएगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार की गैस्ट टीचर पॉलिसी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के खाली पदों को भरने के बजाय राज्य सरकार ने गैस्ट टीचर रखने का निर्णय लिया है और इन्हें प्रति घंटे के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की गारंटी दी थी जिसे अब कांग्रेस सरकार भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है जो वर्षों से शिक्षण संस्थानों में अध्यापक बनने की तैयारी कर रहे हैं। विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनहित व शिक्षा नहीं है, और सरकार हर दिन युवा विरोधी निर्णय ले रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है और लोग सरकारी स्कूलों से किनारा कर रहे हैं।

यादविन्द्र गोमा

आयुष और खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने का आह्वान किया है ताकि उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले में जयसिंहपुर क्षेत्र के कैलाशपुर में एक निजी स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। यादविन्द्र गोमा ने कहा कि आज समाज का हर व्यक्ति मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा है और स्कूली बच्चों को मोबाइल का

सदुपयोग करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। खेल मंत्री ने विद्यार्थियों से खेलों में भी बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

केवल सिंह पठानिया

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने 8 सौ 50 शिक्षा संस्थानों को उत्कृष्टता संस्थान के रूप में विकसित किया है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके। कांगड़ा ज़िले के डढंब स्कूल के वार्षिक उत्सव में आज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों के 15 हज़ार पद भरने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है।

अग्निकाण्ड

कुल्लू ज़िले में आनी खण्ड के दुर्गम गांव रूमाली में बीती रात एक अग्निकाण्ड में दो मकान जलकर राख हो गए। इस अग्निकाण्ड में दो मवेशी भी जल गए और लगभग 50 लाख रूपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। इस आग से दो परिवार बेघर हो गए हैं। इसके अलावा सेब के कुछ पौधे भी अग्निकाण्ड की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दो मकान जलकर राख हो चुके थे। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को फौरी राहत दी गई है।

पांगी घाटी–मांग

चम्बा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुर्थी में पिछले लगभग 3 महीने से डॉक्टर का पद खाली पड़ा है। इसके कारण शौर, पुर्थी और रेई पंचायतों के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से डॉक्टर के खाली पद को जल्द भरने की मांग की है ताकि सर्दी के इस मौसम में क्षेत्र की जनता को सुविधा मिल सके और लोगों को ईलाज करवाने के लिए घाटी के बाहर न जाना पड़े।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में सुबह–शाम कड़ाके की ठण्ड का दौर जारी है। लाहौल स्पीति के ऊंचे इलाकों में बहता पानी जम रहा है। प्रदेश के अनेक शहरों का तापमान इन दिनों जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया जा रहा है। हालांकि दिन के समय अच्छी धूप खिलने से लोगों को ठण्ड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि 19 दिसंबर तक प्रदेश में वर्षा या हिमपात की कोई संभावना नहीं है।

फलदार पौधे

औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और इसके मशोबरा सहित अन्य अनुसंधान केन्द्रों में कल से सेब सहित अन्य फलों के पौधों की बिक्री शुरू होगी। इन केन्द्रों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फलदार पौधे दिए जाएंगे। क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान व प्रशिक्षण केन्द्र मशोबरा के सहायक निदेशक डॉ. दिनेश ठाकुर ने कहा कि बागवानों को उन्नत किस्म के फल पौधे दिए जाएंगे।